प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 06.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक में 26 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, राज्य के खिलाड़ियों को 41 वर्ष की उम्र से मिलेगा पांच से बीस हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से करेंगे बातचीत ।
3. निकाय चुनाव को लेकर स्क्रूटनी का कार्य पूरा, नगर निगमों में मेयर पद के लिए अब 167 और वार्ड पार्षद पद के लिए 2 हजार 3 सौ 75 प्रत्याशी मैदान में, नाम वापसी का आज अंतिम दिन।
4. आईआईटी आईएसएम धनबाद में आज से शुरू हो रहे तीन दिवसीय इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट इंटरैक्शन कार्यक्रम का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन, देशभर के विशेषज्ञ होंगे शामिल।

और

5. पैरा नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम को मिला स्वर्ण पदक।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक में कल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अब राज्य के पूर्व खिलाड़ियों को 42 वर्ष की उम्र से पेंशन मिलेगा। पेंशन की यह राशि प्रतिमाह पांच से 20 हजार रुपए के बीच होगी। पेंशन के लिए खिलाड़ियों की 10 श्रेणियां बनाई गई है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम के लिए चार करोड़ पचास लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार है और आत्मविश्वास तथा निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है।

**********************

निकाय चुनाव को लेकर स्क्रूटनी का कार्य कल पूरा कर लिया गया। नगर निगमों में मेयर पद के लिए अब 167 और वार्ड पार्षद पद के लिए 2 हजार 3 सौ 75 प्रत्याशी मैदान में रह गए है। रांची नगर निगम में जांच के बाद वार्ड पार्षद के 390 और मेयर पद के 19 नामांकन पत्र सही पाए गए। रांची नगर निगम में कुल 53 वार्ड में 466 नामांकन किए गए थे। इधर देवघर नगर निगम चुनाव में मेयर पद के प्रत्याशी बजरंगी महथा का नामांकन पत्र दो से अधिक संतान होने के कारण निरस्त कर दिया गया। गढ़वा जिले में नामांकन पत्रों की जांच के बाद जिले के तीनों नगर निकायों को मिलाकर अध्यक्ष पद के कुल 34 और वार्ड पार्षद के लिये 229 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। आज नाम वापसी का अंतिम दिन है।

**********************

आदित्यपुर–धनबाद सुवर्णरेखा एक्सप्रेस का परिचालन अब आधिकारिक रूप से आदित्यपुर रेलवे स्टेशन से शुरू कर दिया गया है। गुरुवार दोपहर 3 बजकर 37 मिनट पर रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर धनबाद के लिए रवाना किया।

**********************

आईआईटी आईएसएम धनबाद में आज से शुरू हो रहे तीन दिवसीय इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट इंटरैक्शन कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम विज्ञान, तकनीक, नवाचार और राष्ट्रीय विकास को समर्पित एक बड़ा मंच है।

**********************

रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राज्य स्तरीय अंतर विभागीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने फाइलेरिया उन्मूलन के तहत मास ड्रग अभियान की शुरुआत की। उन्होंने 14 जिलों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और 10 फरवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले अभियान की जानकारी दी।

**********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीपहाड़ी जंगल में महिला का अर्धजला शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**********************

हज यात्रा 2026 को लेकर झारखंड में तैयारिया शुरू कर दी गई है। इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन के साथ एक बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिया।

रांची के सिविल सर्जन डाक्टर प्रभात कुमार ने कहा कि सभी हज यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री की ओर से सभी को दिशा–निर्देश जारी किए गए है।

**********************

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर राँची पहाड़ी मंदिर में विधि–व्यवस्था और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह अध्यक्ष, राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। महिला सुरक्षा सीसीटीवी और नियमित पेट्रोलिंग को लेकर निर्देश दिए गए।

**********************

झारखंड के कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम से आने वाली सर्द हवाओं के कारण रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कनकनी बढ़ गई है।

आने वाले कुछ दिनों तक ठंड का यह दौर जारी रहने की संभावना है।

**********************

पैरा नेशनल थ्रो बाल में झारखंड की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल में झारखंड की बालिका टीम ने राजस्थान को कड़े संघर्ष में 17 के मुकाबले 21 अंक से पराजित किया।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में 26 प्रस्ताव को मिली मंजूरी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर लिखता है– झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी से मांगा जवाब सहायक आचार्य के 16 हजार रिक्त पदों का रिजल्ट कब होगा जारी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य के 11 फायर स्टेशन के लिए 27 माह में भी जमीन नहीं ढूंढ पाया जिला प्रशासन।
दैनिक जागरण ने लिखा है – हाथियों ने गोमिया में एक ही परिवार के तीन लोगो को मार डाला, दो घायल।
और
हिंदुस्तान की सुर्खी है – मुख्यमंत्री ने कहा– कोडरमा का होगा तेज विकास, चतरा में खोलेंगे विश्वविद्यालय।

*********समाप्त**********